## हीरो एंटरप्राइज़ के समिट के 11वें संस्करण में शीर्ष नेता और विचारक हुए शामिल

# सुनील मुंजाल करेंगे 100 करोड़ का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हीरो एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील कांत मुंजाल ने सामाजिक उपक्रम पूंजी कंपनी आविष्कार के एक नए कोष आविष्कार भारत कोष में 100 करोड़ रुपए निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

यह आविष्कार का छठा कोष है जो बाजार नियामक सेबी में पंजीकृत में दूसरे श्रेणी का वैकल्पिक निवेश कोष है। मुंजाल ने एक बयान में कहा कि भारत में बदलाव के इस दौर में यह नितांत आवश्यक है कि पूरे देश का विकास हो और इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र और वंचित नागरिकों निश्चित तौर पर मुख्य आर्थिक धारा का हिस्सा बनना चाहिए।

### भारत बाकी देशों के मुकाबले बेहतर

हीरो एंटरप्राइज के चेयरमैन सुनील कांत मुंजाल ने कहा, अत्यधिक आर्थिक मायूसी की इस दुनिया में भारत दुनिया के बाकी देशों के मुकाबले बेहतर कर रहा है। हालांकि, हमारे लिए इतना ही पर्याप्त नहीं है। हमने 1990 के दशक से ही वृद्धिशील परिवर्तन से कहीं अधिक की शुरुआत की है। माइंडमाइन में हमने पिछले 10 शिखर सम्मेलों पर नजर रखने की कोशिश की है और इस दिशा में हम मोड़ पर आगे रहे हैं।

### निचले स्तर पर रह गए लोगों के लिए काम करेगा यह निवेश

यह काम दान के माध्यम से ना होकर वास्तविक अवसरों के माध्यम से होना चाहिए। यह कोष करीब 2,000 करोड़ रुपए ऐसे कारोबारों में निवेश करेगा जो कृषि, वित्तीय सेवा, स्वास्थ्य, कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छता, नवीकरणीय उर्जा, लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रृंखला क्षेत्र में निचले स्तर पर रह गए लोगों के लिए काम करते हैं। हीरो एंटरप्राइजेज द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र थिंक टैंक माइंडमाइन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित भारत के सबसे प्रभावशाली विचार मंच माइंडमाइन समिट का 11वां संस्करण राष्ट्रीय राजधानी में शुरू हुआ। इस साल के इस समिट का विषय है अवरोध-भारत के लिए नयी सामान्य चीज जिसमें सरकार में वरिष्ठ मंत्री, उद्योगपति और विभिन्न क्षेत्रों से विचारक शामिल हुए। इस सम्मेलन का उद्घाटन शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्री वेंकैया नायडू ने किया। इस अवसर पर रेल मंत्री सुरेश प्रभु भी मौजूद थे।